हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 दिसंबर 2025

06 डाइट सही नहीं होती है तो शुगर, मोटापा, बीपी और...



09 ब्यावरा में शासकीय जमीन पर कब्जा...





## खबर संक्षेप

### आज लगेगा जैविक कृषि उत्पादों का हाट बाजार

**सीहोर।** बाल विहार मैदान, पर 14 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया जा रहा है। अब यह हाट बाजार हर रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। यह पहल आजीविका मिशन, उद्यानिकी विभाग तथा कृषि विभाग की आत्मा योजना' के संयुक्त प्रयास से किया जा रही है। जिले में 3125 किसान एनएमएनएफ योजना अंतर्गत रजिस्टर्ड हैं, जो जैविक एवं प्राकृतिक खेती करते हैं। हाट बाजार का उद्देश्य इन किसानों को सही मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ सकें और अपने शुद्ध, रसायन-मुक्त उत्पाद बिक्री के लिए ला सकें। इस हाट बाजार में लोग 20 से अधिक प्रकार की जैविक और प्राकृतिक उत्पाद खरीद सकेंगे। यहाँ केवल वे ही उत्पाद उपलब्ध होंगे जो कृषि विभाग में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत पंजीकृत किसानों द्वारा लाए जाएंगे। कृषि विभाग इन खेतों में जाकर खाद, कीटनाशक और बीज के उपयोग की जांच करता है। इस जैविक हाट बाजार में उपलब्ध प्रमुख उत्पाद जैविक गेहूँ, जैविक चना, जैविक दालें, जैविक मूंग, जैविक हल्दी, फल, सब्जियाँ, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, एवं अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। जैविक अनाज और सब्जियाँ अधिक पौष्टिक होती हैं और लंबे समय तक सुरक्षित रहती हैं। जैविक हाट बाजार न केवल उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं केमिकल-फ्री उत्पाद उपलब्ध कराएगा, बल्कि किसानों के लिए प्रत्यक्ष विपणन का एक मजबूत मंच भी प्रदान करेगा।

### प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर की उपस्थिति में शनिवार को हुई जिला विकास समिति की पहली बैठक

# जिला विकास समिति में सियासी खेल, बीजेपी जिलाध्यक्ष नरेश बने उन्नत किसान, पूर्व जिलाध्यक्ष नागौरी समाजसेवी नियुक्त

### प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर बोलीं मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लिया है आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के रूप में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित हुई जिले की बहुचर्चित जिला विकास सलाहकार समिति अपने गठन के साथ ही विवादों में घिर गई है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा 12 दिसंबर को जारी आदेश में जिले के विकास के लिए 20 विशिष्ट प्रतिनिधियों का नामांकन किया गया है, लेकिन इन नामों के वर्गीकरण में राजनीतिक समीकरण साधने का स्पष्ट प्रयास दिखा है। संगठन के पदाधिकारियों को उनके मूल पद से हटाकर प्रगतिशील किसान और समाजसेवी की श्रेणी में डालने पर राजनीतिक गलियारों में सवाल उठ रहे हैं। जिला विकास समिति की पहली बैठक शनिवार को प्रभारी मंत्री कृष्णा की मौजूदगी में आयोजित हुई। हालांकि इस समिति के गठन में सियासी खेल साफतौर पर नजर आ रहा है। इस समिति में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा प्रगतिशील किसान के रूप में समिति सदस्य हैं, वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष ललित नागौरी समाजसेवी हैं।

जारी आदेश में बताया कि जिले के उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान समाज सेवा चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों में से 20 प्रतिनिधियों का नामांकन प्रभारी मंत्री के अनुमोदन उपरात किया गया है। जिला स्तर के सभी विभाग प्रमुख यथा पुलिस वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास लोक निर्माण विभाग आदि को आवश्यकतानुसार आमंत्रित किया जाएगा।

#### जिला विकास समिति का खाका

समिति के अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री हैं, जबकि उपाध्यक्ष जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर हैं। सदस्य के रूप में सांसद शिवराज सिंह चौहान, महेंद्र सिंह सोलंकी, आलोक शर्मा, विधायक करण सिंह वर्मा, रमाकांत भार्गव, सुदेश राय, गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला मुख्यालय से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष रचना सुरेंद्र मेवाड़ा, जनपद अध्यक्ष नाबड़ी बाई बारेला, दीक्षा सोनू गुणवान, रेखा जगदीश पटेल, मंजू अवध मीना पटेल, महेंद्र शर्मा शामिल हैं।

**उद्योग, समाजसेवा, प्रगृतिशील यह सदस्य :** प्रदीप धाड़ीवाल व्यापार, कुमेर सिंह भाटी ग्राम छापर प्रगतिशील किसान, भूपेंद्र सिंह राणा आष्टा विधि, डॉ. हीरालाल बालोद्रिया चिकित्सा, ललित नागौरी समाजसेवा, देवंद्र टुवानी इछावर व्यापार, योगेंद्र टुवानी इछावर व्यापार, देवेंद्र परमार हीरापुर प्रगतिशील किसान, योगेन्द्र त्यागी बरखेड़ी समाजसेवा, डॉ. मुकेश व्यास इछावर चिकित्सा, नरेश मेवाड़ा छावनी सीहोर प्रगतिशील किसान, कमल झंवर गांधी रोड सीहोर समाजसेवा, अनिल पालीवाल पलटन एरिया सीहोर व्यापार, मायाराम गौन छतरपुरा प्रगतिशील किसान, अनिल पारे छावनी विधि, आशाराम यादव सेमरी समाजसेवा, श्यामसिंह ठाकुर लाडक़ुई प्रगतिशील किसान, विनीत सिंह राजपूत नांदनेर व्यापार, अभिषेक सिंह चौहान छीपानेर प्रगतिशील किसान, रचना गणेश भारी पलासी समाजसेवा शामिल हैं, जबकि इस समिति के सदस्य कलेक्टर सीहोर हैं।


#### समिति के उद्देश्य और उसके कार्य

- जिले की जनता जनप्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों की जरूरतों और सुझावों के अनुसार जिले की दीर्घकालीन विकास की योजनाएं बनाना।
- जिले के परपरागत कौशल को चिन्हित कर प्रधानमंत्री के वोकल फॉर लोकल के सिद्धात के दृष्टिगत उन्हें राष्ट्रीय/अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोडमैप तैयार करना।
- जिले की स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शासकीय योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के सुझावों पर विचार करना।
- जिले में स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को योजना के रूप में मूर्त रूप देना।
- जिले में रोजगार सृजन एवं विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्यों के संबंध में सुझाव देना।
- उद्योग, व्यापार एवं जल सरचनाओं के संरक्षण, निर्यात, कृषि, खनिज, पर्यावरण आदि क्षेत्रों में जिले की कार्ययोजना हेतु सुझाव देना।
- योजना आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग इस समिति के कार्यों के सबंध में समन्वय का कार्य करेगा।
- समिति की बैवके ऑनलाईन-ऑफलाईन मोड में की जाएगी। समिति की वर्ष में कम से कम एक बैठक आयोजित की जाएगी।
- प्रत्येक समिति के निर्णयों का रिकार्ड सधारण, अनुपालन व समन्वय का कार्य जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विगत 2 वर्षों में प्रदेश ने स्थापित किए हैं विकास के नए कीर्तिमान : प्रभारी मंत्री

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा सीहोर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार को 2 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। इन 02 वर्षों में मुख्यमंत्री डॉ यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने विकास और तरक्की के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण समाज की अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी सरकार की कार्यदक्षता की धुरी बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर और विकसित भारत की जिस परिकल्पना को साकार करने का संकल्प लिया है, हमारा मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के रूप में उस परिकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर अग्रसर है। इन दो वर्षों में प्रदेश ने लगभग हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस प्रगति का श्रेय सबसे पहले यदि किसी को दिया जाए, तो वह हमारे प्रदेश की जागरूक जनता और जनता के विश्वास को दिया जाता है। मंत्री कृष्णा गौर ने प्रदेश सरकार की विगत दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने "आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश" के लक्ष्य की दिशा में ठोस और परिणामकारी कदम उठाए हैं। वर्ष 2025 को "उद्योग एवं रोजगार वर्ष" के रूप में मनाते हुए प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति दी गई। इस अवधि में 18 नई औद्योगिक नीतियों को मंजूरी दी गई और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट व अन्य माध्यमों से 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 8.57 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं। निवेश को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए एमपी इन्वेस्ट पोर्टल 3.0 लॉन्च किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया गया, जिससे 3 लाख से अधिक रोजगार सृजन और 6 लाख कपास उत्पादकों को लाभ मिलेगा। औद्योगिक विकास के अंतर्गत 881 इकाइयों को भूमि आवंटन, 281 इकाइयों का भूमिपूजन और 141 इकाइयों का शुभारंभ किया गया, साथ ही 26 नए औद्योगिक पार्क एवं क्लस्टर स्वीकृत किए गए। गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण मिशन की शुरुआत की। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत दो वर्षों में 5.25 करोड़ से अधिक हितग्राहियों को 19,935 करोड़ रुपये मूल्य का निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया। स्वामित्व योजना के माध्यम से लगभग 39 लाख 60 हजार से अधिक नागरिकों को स्वामित्व अधिकार पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत 6 लाख 81 हजार से अधिक प्रकरणों में 6,430 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि अंतरित की गई, जबकि इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4,800 श्रमिक परिवारों को 224 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया।

## दिखे बड़े पंजों के निशान, बाघ की आहट, 24 घंटे बाद भी नहीं पहुंची टीम



**सीहोर।** जिले के ग्राम रामा खेड़ी में किसानों के खेतों में रहस्यमयी बड़े पंजों के निशान मिलने से हड़कंप मच गया है। शुक्रवार और शनिवार सुबह जब किसान गेहूं की फसल में पानी दे रहे थे, तब उन्हें ये निशान दिखाई दिए। इसके बाद से पूरे गांव में बाघ या किसी अन्य जंगली जानवर की मौजूदगी को लेकर दहशत का माहौल है। किसान कपिल मेवाड़ा के खेत सहित आसपास के कई खेतों में ये निशान लगातार दो दिनों से मिल रहे हैं। पंजों का आकार बड़ा होने के कारण ग्रामीणों ने शुरुआती तौर पर आशंका जताई है कि ये बाघ के पंजे हो सकते हैं। हालांकि, यह निशान बाघ के हैं या तेंदुए के, इसकी आधिकारिक पुष्टि वन विभाग की जांच के बाद ही हो पाएगी।

**सूचना के 24 घंटे बाद भी वन अमला नदारद :** ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना किसान और समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा को दी, जिन्होंने वन विभाग को भी अवगत कराया। लेकिन हैरानी की बात है कि सूचना दिए 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वन विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या टीम मौके पर नहीं पहुंची है।

**रात में टॉर्च लेकर निकलने की अपील :** किसानों का कहना है कि रात के समय गेहूं की फसल में पलेवा (पानी) करने के लिए उन्हें अकेले खेतों पर जाना पड़ता है। ऐसे में किसी अज्ञात जानवर की मौजूदगी से उनमें गहरा डर बना हुआ है। समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जानवर की पहचान कर उसे पकड़ा जाए। साथ ही किसानों से अपील की है कि वे रात में खेतों में जाते समय अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और हाथ में टॉर्च लेकर ही निकलें।

## सड़क किनारे हिरण का घायल बच्चा मिला:आनंद डेरी चौराहे से वन विभाग ने रेस्क्यू किया, इलाज जारी



**सीहोर।** शहर में शनिवार सुबह एक घायल हिरण का बच्चा मिला। आनंद डेरी चौराहे पर राहगीरों ने उसे बेसुध पड़ा देखा, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई।

हिरण के बच्चे के पैर में चोट के निशान थे और वह गंभीर रूप से घायल था। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल उसके आसपास आग जलाकर उसे गर्मी देने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल वन विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल हिरण के बच्चे को सुरक्षित रेस्क्यू कर अपने साथ रेंज कार्यालय ले गई। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हिरण का बच्चा शहर में कहां से आया और उसे चोट कैसे लगी। वन विभाग मामले की जांच कर रहा है और हिरण का इलाज जारी है।

### तोरनिया गांव में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

# अंधेरे और पेयजल संकट से त्रस्त होकर महिलाओं ने निकाली रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम तोरणिया पिछले दो माह से अंधकार और जल संकट से जूझ रहा है। बिजली के जले हुए ट्रांसफार्मर और सूखे पड़े नल के कारण ग्रामीण जनता, विशेषकर महिलाओं और किसानों का सब्र अब टूट चुका है। ग्रामीणों ने किसान समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में सडक़ों पर उतरकर प्रदर्शन किया और आंदोलन की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो महीने से गांव के ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं, जिसके कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। रात में न केवल बच्चों की पढ़ाई रुक गई है, बल्कि किसानों को भी खेतों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण गोकल सेन, भाई ललिता बाई और फूल कुमार जैसे कई लोगों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही चरम पर है।

#### पानी की समस्या बनी परेशानी

बिजली संकट के साथ ही गांव में पानी की समस्या भी विकराल रूप ले चुकी है। नल-जल योजना ठप्प है और ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। महिलाओं को दूर दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनका दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जमुना भाई, कांताबाई, ललिता बाई और ज्योति वर्मा सहित दर्जनों महिलाओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया और अपनी व्यथा सुनाई।

#### सीएम और मंत्रियों से अपील

ग्रामीणों के इस प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विद्युत मंत्री और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। समाजसेवी मेवाड़ा ने बताया कि पूरा गांव अंधेरे में जीने को मजबूर है और पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहा है। प्रशासन तत्काल दोनों जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलवा, और गांव में नवीन नलकूप खनन करवाकर पानी की स्थाई व्यवस्था करे। यदि हमारी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो यह प्रदर्शन उग्र आंदोलन का रूप ले लेगा। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने सरकार से अपील की है कि उनकी मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जाए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जिले के 2 जलाशयों को पट्टे पर देने अधिसूचना जारी की

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा जिले के दो जलाशयों को पट्टे पर देने संबंधी अधिसूचना जारी की गई है। मछली पालन विभाग की नीति के अंतर्गत जल संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए सीहोर जनपद के भगवानपुरा जलाशय, जिसका औसत जलक्षेत्र 118.78 हेक्टेयर है, तथा भैरूंदा तहसील घोघरा जलाशय जिसका औसत जलक्षेत्र 242 हेक्टेयर है, को पट्टा आवंटन के लिए चयनित किया गया है। जलाशयों के पट्टा आवंटन के लिए विभाग ने प्राथमिकता क्रम भी निर्धारित किया है, जिसके तहत प्रथम प्राथमिकता पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों को दी जाएगी, जिनमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के पात्र हितग्राही शामिल हैं। इसके बाद सामान्य वर्ग के स्वसहायता समूहों एवं मछुआ समूहों को प्राथमिकता मिलेगी, जबकि तीसरा क्रम उन व्यक्तिगत अथवा सामूहिक मत्स्यजनों को दिया जाएगा जो सामान्य वर्ग के व्यक्ति विशेष हितग्राही हैं और नीतिगत प्रावधानों को पूरा करते हैं। जारी अधिसूचना अनुसार सिंचाई जलाशयों को मछली पालन एवं मत्स्याखेट के लिए पट्टा 10 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। यह अवधि तभी मान्य होगी जबकि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसकी अनुमति दी गई है। जलाशय की पट्टा राशि का निर्धारण मछुआ नीति वर्ष 2008 के अनुसार किया जायेगा।

### किसान, गोबर और गोमूत्र से खाद बनाएं

**सीहोर।** किसान सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है। मध्य प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गोमूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

## दो हजार से ज्यादा लोगों ने करवाई जांच, तीन लाख की निशुल्क दवाइयों का हुआ वितरण

# डाइट सही नहीं होती है तो शुगर, मोटापा, बीपी और दिल की बीमारियों की संभावना बढ़ती: डॉ. सुशील द्विवेदी

### आधा दर्जन गंभीर मरीजों की इलाज के चिह्नित किया गया, भोपाल के अस्पताल में निशुल्क उपचार होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आजकल लाइफ स्टाइल डिजीज का रिस्क पहले से काफी ज्यादा बढ़ गया है। इसका सबसे बड़ा कारण सही खान-पान का शुरुआत में ध्यान न देना और फिर बाद में उसे सही करने के लिए दवा खाना। हमारी ओवरऑल हेल्थ का ख्याल रखने के लिए अपनी जीवनशैली को सही रखने की जरूरत होती है। इसमें डाइट का अहम रोल होता है। यदि हमारी डाइट सही नहीं होती है तो शुगर, मोटापा, बीपी और दिल की बीमारियों की संभावना बढ़ती है। उक्त विचार शहर के भोपाल नाके पर चंद्रशेखर आजाद शासकीय पीजी महाविद्यालय में रोटरी क्लब के तत्वाधान में दो दिवसीय विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर के पहले दिन डॉ. सुशील द्विवेदी ने कहे।

उन्होंने कहाकि इन बीमारियों में दवाओं के साथ-साथ बैलेंस्ड डाइट बेहद अहम होती है। सही खानपान से न केवल बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है बल्कि उसकी गंभीरता को भी घटाया जा सकता है। शनिवार को पहले दिन यहां पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया था। जिसमें शहर सहित आस-पास के क्षेत्र के मरीजों को आधुधिक मशीनों से जांच की गई। इसमें डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, सोनोग्राफी और रक्त



जांच आदि की व्यवस्था की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि शनिवार को शिविर के पहले दिन करीब 2236 मरीजों ने पंजीयन कराया था, इसमें पेट, लीवर किडनी सहित अन्य रोगों से ग्रस्त मरीजों को भोपाल के एक निजी अस्पताल में निशुल्क उपचार आदि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि रविवार को भी शिविर में लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण करने के साथ ही जिन मरीजों को ऑपरेशन या उचित इलाज की आवश्यकता होगी, उन्हें चिह्नित कर हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क इलाज किया जाएगा।

### मरीजों को लेकर आए, फ्री किया उपचार

दो दिवसीय निशुल्क विशाल चिकित्सा शिविर में सामान्य रोड, मेडिसिन, हृदय रोग, अस्थमा-छाती रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पेट एवं लीवर रोग, गैस्ट्रो, त्वजा रोग, नाक, कान, गला रोग, नेत्र रोग और हड्डी, जोड़ों के दर्द आदि की जांच और उपचार आदि की जांच निशुल्क की जाएगी। शिविर में मरीजों की जांच एवं उपचार निशुल्क किए जाएंगे, आने वाले मरीज अपने आधार कार्ड या समग्र आईडी की एक प्रतिलिपि लेकर आए, सभी के लिए भोजन, जांच, आपेरशन और दवाईयां निशुल्क उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा इछावर, आष्टा, श्यामपुर, जावर के अलावा आस-पास के मरीजों की जांच की जाएगी, रविवार को सुबह से ही शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के लिए रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, उमंग सक्सेना, हर्ष वाई मित्तल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयर्गीय, कपिल अग्रवाल, विपुल चांडक मनोज शर्मा, आदित्य बुंदेला, कृष्णा दवनडे, संजय मुडिया, अनस खान आदि शामिल है।

**आस-पास के हजारों ग्रामीणों के लिए राहत की बात :** उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों नहीं होने से आसपास के हजारों ग्रामीणों को उचित उपचार या सलाह नहीं मिल पाती है। क्षेत्र गरीब किसान होने से महंगा इलाज नहीं करवा पाते है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्थिति बेहद खराब है। इसी को देखते हुए पीपुल्स अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शनिवार को पहले दिन रोटरी क्लब की ओर से कपिल अग्रवाल, विपुल चांडक, हर्ष मिनाल, कमल वाधवानी, अंबर गुप्ता, विजय शर्मा, अर्पित पालीवाल, प्रदीप शर्मा केपी शास्त्री आदि शामिल थे।

## संगठन के विस्तार व समाज के विकास के लिए शीघ्र ही होगी जिला स्तरीय बैठक आयोजित-घनश्याम पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मीना समाज सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत के निर्देशानुसार सीहोर जिला अध्यक्ष घनश्याम पटेल के द्वारा सर्वसम्मति से जिले में संगठन के विस्तार हेतु कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें जिला उपाध्यक्ष के पद पर दशरथ सिंह मीना छापरी, मोहनसिंह मीना झागरिया, सुनील कुमार मीना खुसामदा, दीपक कुमार मीना बमुलिया, कैलाश प्रसाद मीना अतरालिया, राजनारायण पटेल नापली, लखनलाल मीना घाट पलासी, परमानन्द मीना घाट पलासी, जिला महामंत्री के पद पर अमरसिंह मीना कोलूखेड़ी, राकेश मीना बर्ररी, बालाप्रसाद मीना फन्दा, रमेश पटेल सोनकच्छ, जिला मंत्री के पद पर विजय कुमार मीना सांकला, मुरारी मीना बरखेड़ा खरेट, जिला मीडिया प्रभारी के पद पर पुरुषोत्तम मीना सीहोर, जिला प्रवक्ता जगदीश मीना भण्डेली, सौशल मीडिया प्रभारी रामेश्वर मीना तिनोनिया के साथ ही विशेष वरिष्ठ आमंत्रित सदस्यों में नारायण सिंह सोंठीपुरा, लक्ष्मीनारायण पीलुखेड़ी, जगदीश पटेल नापली, रामस्वरूप मीना दोराहा, इंजि.शेषराम मीना




गुराड़ी, हेमसिंह पटेल सोनकच्छ, श्याम मीना (केशव), घनश्याम पटेल कादराबाद, प्रेमनारायण पटेल गुराड़ी, देवीप्रसाद मीना मीनूखेड़ी, भेरूसिंह भण्डेली, शिवनारायण सिकंदरागंज, डालसिंह पटेल रावणखेड़ी, गोपाल मीना पीलूखेड़ी, गंगा प्रसाद पटेल बरखेड़ा खरेट, लक्ष्मीनारायण कनेरिया, भगवान सिंह भण्डेली, राजमल मीना कनेरिया, जगदीश मीना खारी, रमेशचन्द्र मीना राजपुरा, कैलाश पटेल मुआड़ा, पदमसिंह पटेल डाबरी, बालाप्रसाद मीनूखेड़ी, शिवनारायण सिकंदरगंज, कोषाध्यक्ष रविन्द्र मीना डाबरी, सहकोषाध्यक्ष राजेश पटेल भेरूपुरा, जिला मंत्री के पद पर विजय मीना साँकला, लखनमीना शीलखेड़ा, प्रथ्वी सिंह मीना बमूलिया, रमेश मीना महुआखेड़ा, बबलु मीना जुगराज पुरा, अलब सिंह मीना मीट्ठुखेड़ी, सुरेन्द्र मीना नविपुर, जितेन्द्र मीना बैरागढ़, रामचरण मीना काऊखेड़ी, कनिराम पटेल भण्डेली, अजब सिंह हिंगोनी, हरभजन पटेल चैनपुरा, हेमसिंह मीना दोराहा, कांताप्रसाद मीना चैनपुरा, भगवत प्रसाद बमूलिया, ठाकुर प्रसाद मंडखेड़ा, नरेन्द्र मीना मंडखेड़ा, जगदीश प्रसाद मीना जमोनिया, अशोक मीना पांगरी, संजय मीना मीनुखेड़ी, रमेश पटेल डाबरी, दिनेश कामदार इछावर, दिनेश मीना लसुडिया परिहार के साथ ही को मनोनित करते हुए प्रथम सुचि जारी की गई। साथ ही सभी पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की गई है कि समाज को एक जुट कर समाज में फैली कुरितियों को दूर करते हुए का किस तरह विकास हो सके इसका हम सब मिलकर प्रयास करेंगें। सभी पदाधिकारियों की नवनियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व व जिलाध्यक्ष ने बधाई एवं शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि संगठन का विस्तार एवं समाज के विकास हेतु शीघ्र ही जिलास्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी।

# पीजी कॉलेज ने भैरुंदा को हराया, यश दुबे ने खेली 41 रन की पारी, हासिल किए चार विकेट

### महाविद्यालय में खेली जाएगी संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

**सीहोर।** शहर के भोपाल नाके पर चंद्रशेखर आजाद शासकीय पीजी महाविद्यालय मैदान पर आगामी दिनों में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, इसको लेकर तीन कालेजों के मध्य अभ्यास मैच खेले गए थे, इसमें फाइनल मैच सीहोर पीजी कालेज और भैरुंदा के मध्य खेला गया। फाइनल मैच में सीहोर पीजी कालेज ने एक तरफा मुकाबले में भैरुंदा को 115 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीजी कालेज की टीम ने 155 रन बनाए थे। इसमें टीम के कप्तान यश दुबे ने 41 रन, समीर ने 42 रन, रोहन ने 21 रन की पारी खेली, वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी भैरुंदा टीम 40 रन ही बना सकी।



इस संबंध में पीजी कालेज टीम के कप्तान यश दुबे ने बताया कि आगामी दिनों में टीम के शानदार खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीहोर पीजी कालेज की टीम के बल्लेबाजों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इसमें कप्तान यश दुबे ने 41 रन, समीर ने 42 रन, गौरव ने 13 रन और रोहन ने 21 रन बनाए थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी भैरुंदा टीम मात्र 40 रन ही बना सकी। इसमें कृष्णा ने 10 रन बनाए थे, इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सका। सीहोर पीजी कालेज की ओर से यश दुबे ने चार विकेट, विजय-आनंद ने दो-दो विकेट और रोहन-मानस ने एक-एक विकेट हासिल किया। टीम की विजय पर क्रीडा अधिकारी अनिल पिपलोदिया, मनोज दीक्षित मामा, आयुष गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## संसार से मुक्त होने का एक ही उपाय है संयम : आचार्य सिद्धांत सागर महाराज

**सीहोर।** संसार एक विडम्बना है। इस संसार में एक दुख हम पूरी तरह भोग नहीं पाते, इससे पहले कई दुख हमारे सामने खड़े होते हैं, क्योंकि राग द्वेष से बढ़ने वाला जो संसार है, वह विपत्ति का ही घर है, दुख का ही स्थान है। 'यदि संसार में सुख होता, तो तीर्थंकर क्यों त्यागे? काहे को शिव साधन करते संयम को क्यों अनुरागे। उक्त अमृत वाणी बुंदेलखंड केसरी आचार्य 108 श्री सिद्धांत सागर महाराज ने धर्म सभा मे श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान कोई न कोई विपति मौजूद ही रहती है पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहां कि यदि संसार में कहीं भी रंच मात्र सुख होता तो उस सुख को भोगने का प्रयास करते न कि उसे छोड़ने की बात करते।

हमारे जितने भी महापुरूष हुए हैं, संत, आचार्य, विद्वान उन सभी ने एक ही बात कही है कि संसार दुख का कारण है। संसार दुखमय ही है, विपत्ती ही विपत्तो है, एक के बाद एक विपत्ती लगी ही रहती है। पीछा छुड़ाने का प्रयास किया जाये, तो वह और पीछे दौड़ती है, इसी बात को आचार्य पूज्यपाद इस गाथा में कर रहे हैं। विपदा इस संसार में कैसी हैं, तो कहते है कि जो घटी यंत्र है, अरहट




है उसमें एक डिब्बा पानी से खाली होता है तभी पीछे-पीछे कई डिब्बे पानी लेकर आ जाते हैं। तो जैसे तैसे एक विपत्ती को समाप्त करते है तो दूसरी कई विपत्ती अरहट के यन्त्र के समान खड़ी हो जाती है। एक तो पूरा हो नहीं पाता है बच्चा सोचता है कि थोड़ा ऐसा हो जाये, बस वो जैसे होने को होता है तो दूसरी आकांक्षा खड़ी हो जाती है।

आचार्य श्री ने उदाहरण देते हुए कहां कि एक सेठ जी बड़े दुखी थे और कह रहे थे, भगवान! बड़ा परेशान हूँ, इस जिन्दगी से कब मुक्ति मिलेगी। वहाँ से नारद जी गुजरे व बोले कि सेठ जी आप दुखी है तो चलिए मेरे साथ। मैं आपको वैकुण्ठ ले चलता है। भगवान के पास ले चलता है। सेठ जी बोले नारद जी आप सच कहते हो. आप ले चलोगे मुझे विश्वास है. परन्तु मैं अभी कैसे चल सकता है अभी तो मेरा बच्चा पढ़ रहा है. उसको पढ़ाना है उसको पढ़ा लें उसके बाद में चलेगें। ठीक है नारद कहकर वहाँ से चले गये। कुछ दिन बाद पुनः आये अब सेठ जी कहने लगे चलने को तो मैं राजी हैं लेकिन क्या करू अब बच्चे की शादी करनी पड़ेगी। लोग क्या कहेंगे कि बच्चे को छोडकर चले गये। नारद जी फिर चले जाते हैं। बच्चे की शादी हो जाती है तो पुनः आते है तो सेठ जी कहते हैं कि इसके कोई बच्चा हो जाये तो फिर चलेंगे। इतने में तो सेठ जी चले गये। पर विरक्त नहीं थे। हुआ यह कि एक आकांक्षा समाप्त हुई तो दूसरी जागृत हो जाती है। एक मुसीबत तो पूरी है। नहीं पाती दूसरी सामने आ जाती है। आचार्य कहते हैं कि एक दुख समाप्त नहीं होता है कि दूसरे दुख खड़े हो जाते हैं।

## नेशनल लोक अदालत में 737 प्रकरणों का निराकरण 1.36 करोड़ से अधिक के अवार्ड पारित

**बुधनी।** जिला एवं अपर सत्र न्यायालय में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष माननीय प्रकाश चंद्र आर्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ. वैभव विकास शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सपना शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मिताली पाठक, एसडीएम डीएस तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा एवं अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कैलाश मालवीय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया इस अवसर पर अधिकारीगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे लोक अदालत के दौरान कुल 737



प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 1 करोड़ 36 लाख 1 हजार 702 रुपये का अवार्ड पारित हुआ एडीजे न्यायालय में 40 एवं मजिस्ट्रेट न्यायालय में 70 प्रकरणों का निराकरण किया गया वहीं नगर परिषद बुधनी, रेहटी एवं शाहगंज द्वारा जलकर, संपत्ति कर एवं दुकान कर से संबंधित 298 प्रकरणों का निराकरण कर 10 लाख 36 हजार 51 रुपये का राजस्व वसूल किया गया बैंकों से संबंधित 44 प्रकरणों के निराकरण से 69 लाख 91 हजार 651 रुपये की वसूली की गई राजीनामा के आधार पर निराकृत प्रकरणों में न्यायालय द्वारा पौधों का वितरण भी किया गया समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से नेशनल लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## प्रशासन ने दिया जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन


# अधिग्रहण के विरोध में आदिवासी समाज का धरना प्रदर्शन, रैली निकालकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाकों में भूमि और मकानों के अधिग्रहण को लेकर असंतोष गहराता जा रहा है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में आदिवासी परिवारों ने बुधनी में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। बाद में रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उन्होंने एसडीएम डी.एस. तोमर को महामहिम राज्यपाल के नाम विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

### मुआवज़ा व पुनर्वास को लेकर नाराज़गी

प्रतिनिधियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि अधिग्रहण के बाद न तो समुचित मुआवज़ा मिला है और



न ही पुनर्वास की व्यवस्था। कई परिवार वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में बेघर होने की स्थिति में हैं तथा रोज़गार और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

### पट्टों में धांधली के आरोप

समाज ने अधिग्रहण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कई आदिवासियों के पट्टे बिना जानकारी के काट दिए गए, जिससे वे अपने अधिकारों से वंचित हो गए। इसको लेकर एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की।

### समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### एसडीएम ने दी 15 दिन में जांच की बात

एसडीएम दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि रेलवे और नेशनल हाईवे परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण किया गया है, जिसमें आदिवासी समाज की कुछ शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने सभी बिंदुओं की गंभीर जांच कर 15 दिनों में समाधान का आश्वासन दिया।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी।

कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तीकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील भैरूंदा**
**जिला सीहोर (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांक 0001/अ-20(5)/2025-26**
**भैरूंदा, दिनांक 10/12/2025**
**-:: सार्वजनिक नोटिस ::-**

1. मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद भैरूंदा तहसील भैरूंदा जिला सीहोर म.प्र. ....... आवेदक

**-:: बनाम:: -**

सर्वसाधारण ...अनावेदक

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद भैरूंदा के द्वारा कस्बा भैरूंदा स्थित शासकीय भूमि सर्वे नंबर 70/1/1, 71/1/1 रकबा 2.674 हे० भूमि में से रकबा 0.404686 हे० भूमि सार्वजनिक प्रयोजन हेतु गीता भवन की स्थापना हेतु आवंटित किये जाने बावत निवेदन किया गया है। उक्त के संबंध मे श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महोदय द्वारा नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 के अंतर्गत प्रकरण प्रारूप-दों में तैयार कर उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके संबंध मे प्रकरण इस न्यायालय मे प्रचलित है।

अतः उक्त सबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 26/12/2025 के पूर्व स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से अपना पक्ष या अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। म्याद उपरान्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी तथा प्रकरण मे विधिसंगत कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**तहसील, भैरुंदा, जिला सीहोर**

कलेक्टर को 90 दिनों में कार्रवाई का आदेश, पिटीशनर्स की शिकायतों पर करें विचार

# ब्यावरा में शासकीय जमीन पर कब्जा मामले में हाईकोर्ट से मिली राहत

## कोर्ट ने भोपाल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम एवं तहसीलदार ब्यावरा, नगर पालिका ब्यावरा सहित अवैध कब्जाधारी को बनाया पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे से परेशान लोगों को आखिरकार हाईकोर्ट से राहत मिली है। शहर के रहवासियों ने एक नेता द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जे और लगातार धमकाने की घटनाओं को लेकर कई बार एसडीएम और कलेक्टर को शिकायतें की थीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर दो पीड़ितों ने हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में रिट पिटीशन दायर की, जिस पर न्यायालय ने गुरुवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए कलेक्टर को 90 दिनों के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### संबंधित पक्षों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना अनिवार्य : हाईकोर्ट

फरियादी नवीन कुमार जाटव और दुर्गाप्रसाद गवली द्वारा दायर रिट पिटीशन नंबर 47575 पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट इंदौर ने कहा कि मामले के तथ्यों को देखते हुए कलेक्टर राजगढ़ (रेस्पोंडेंट नंबर 3) पिटीशनर्स की शिकायतों पर गंभीरता से विचार करें और आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने की तिथि से तीन महीने के भीतर कानूनानुसार कार्रवाई करें। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि कलेक्टर द्वारा एक तर्कपूर्ण और 'स्पीकिंग ऑर्डर' पारित किया जाए, जिसमें सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाना अनिवार्य होगा।

### भोपाल संभाग कमिश्नर से लेकर नगरपालिका तक को बनाया गया पार्टी

पिटीशनर्स की पैरवी कर रहे एडवोकेट मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि ब्यावरा सर्वे नंबर 579 की शासकीय जमीन पर जगदीश पिता प्रेमसिंह पवार, निवासी लसूल्डिया मीना ने सरकारी रास्ते पर कब्जा कर लिया था। कब्जे का विरोध करने पर पिटीशनर्स सहित आसपास के अन्य भूमि मालिकों को धमकाया जा रहा था। मामले की गंभीरता और लंबे समय से प्रशासन द्वारा कार्रवाई न होने के कारण इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। पिटीशन में प्रमुख सचिव, मप्र शासन, भोपाल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम एवं तहसीलदार ब्यावरा, नगर पालिका ब्यावरा सहित अवैध कब्जाधारी को पार्टी बनाया गया था। सभी तथ्यों को देखने के बाद कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कलेक्टर निर्धारित अवधि में कार्रवाई सुनिश्चित करे। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद पीड़ितों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित इस विवाद का अब कानूनी समाधान होगा।

डीईओ ने एक हफ्ते में प्रक्रिया पूर्ण करने का दिया आश्वासन

# क्रमोन्नति आदेश जल्द जारी करने डीईओ से मिला प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि ऐसे माध्यमिक शिक्षक जो प्रथम नियुक्ति दिनांक सेवारत हैं, उनके क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी कर दिए जाएं। लेकिन, राजगढ़ जिले में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। इसी के संबंध में प्रांतीय शिक्षक संघ पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला से भेंट कर उनके सम्मुख पूरी बात रखी। संगठन के प्रदेश महामंत्री रामचरण वर्मा, जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, जिला महासचिव राजकुमार खिंची ने बताया कि जिले में वर्ष 2001 में नियुक्ति संविदा शिक्षक वर्ग-02 के शिक्षक जिन्हें माध्यमिक शिक्षक कहा जाता है उन्हें प्रथम नियुक्ति दिनांक से शासन के निर्देशानुसार 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर क्रमोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। इसके बावजूद राजगढ़ जिले के माध्यमिक शिक्षकों के प्रस्ताव जिला स्तर से ही कम्प्लीट नहीं हो पाए हैं। ऐसे में सभी ने डीईओ श्री भिलाला से मांग रखी कि इस प्रक्रिया को त्वरित रूप से आगे बढ़ाया जाए।

### एक हफ्ते में पूर्ण कर लेंगे जिला स्तर की प्रक्रिया

प्रतिनिधिमंडल की मांग पर डीईओ ने एक सप्ताह में जिला स्तर से उक्त संबंध में संपूर्ण कार्यवाही पूरा किए जाने का आश्वासन दिया है। डीईओ ने बताया कि इस एक कमेटी भी गठित कर दी गई है। प्रतिनिधिमंडल में बालचंद दांगी, रामबाबू दांगी, अनिल नागर, पुखराज सिंह राठौर, अशोक नागर, कौशल राव, छोटूलाल मालवीय, गोपालदास वर्मा, सौरभ दुबे, हंसराज तेजरा, बालचंद सिंगला, अजय स्वर्णकार, कमल बसोदिया, नारायणसिंह पंवार, अशोक गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अरनिया कला में चोरों का आतंक बढ़ा, ग्रामीणों में भय व आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

अरनिया कला क्षेत्र में दिन-ब-दिन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो चोरों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस की पकड़ कमजोर होती जा रही है। इसका ताजा उदाहरण 11 दिसंबर की रात को सामने आया, जब निपानिया देव के कांकड़ पर स्थित ललित पिता स्व. जयराम वर्मा के कुएं को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोर यहां से करीब 600 फीट डोरी और स्टार्टर का पूरा सेट चोरी कर ले गए। सुबह जब किसान कुएं पर पहुंचे तो चोरी का पता चला।

### पीड़ित ने तीलावद चौकी पर दर्ज कराई शिकायत

घटना के संबंध में पीड़ित द्वारा तीलावद चौकी पर शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय गश्त न के बराबर है, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। किसानों के कुएं, मोटर, केबल और कृषि उपकरण लगातार चोरों के निशाने पर हैं, जिससे उनकी मेहनत और रोजी रोटी पर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने, संदिग्ध लोगों पर नजर रखने और जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है।

जिपं सभागार में आयोजित हुई शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# शैक्षणिक सुधार के संबंध में जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की समस्त शालाओं में शैक्षणिक सुधार, गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन, खेल-खेल में शिक्षा सहित शिक्षा संबंधी विभिन्न विषयों को लेकर शुक्रवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में सीएससी द्वारा पांच प्रमुख केपीआई गुणवत्ता मापदंडों को पूर्ण करने एक निश्चित तिथि तय की जाए। बैठक में सीईओ श्री गढ़पाले ने शिक्षा के मूल कार्य के अंतर्गत निरंतर भ्रमण के दौरान शालाओं की विभिन्न व्यवस्थाएं, पाठ्यक्रम पूर्णता, गुणवत्तापूर्ण मध्यान भोजन सहित शिक्षा में गुणवत्ता के संबंध में हर संभव प्रयास किए जाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने राष्ट्रीय परख सर्वे के परिणामों को ब्लॉक स्तर की बैठक में रखकर विकासखंड वार कमजोर लर्निंग आउटकम पर रणनीति बनाकर शालाओ में क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन पर सख्त निर्देश देते हुए शालाओ में बच्चो को गर्म और उत्तम गुणवत्ता का भोजन प्रदाय करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने जिन शालाओं में जिस भी कार्य की आवश्यकता है, उसके प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने उपस्थितों को निर्देशित किया।



### शालाओं में स्वच्छता के कार्यों पर डाला प्रकाश

बैठक में स्वच्छत भारत मिशन जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घरैलू, संस्थागत, सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता के संबंध में लागू किए गए नवाचारों, कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। बैठक में डीपीसी, सभी ब्लॉकों के ब्लॉक शिक्षाधिकारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक, पीएम पोषण प्रभारी, मिशन अंकुर एवं पिरामल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भैंसवा माता मंदिर की दान पेटी से निकले 9 लाख 54 हजार 550 रु

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मंदिर परिसर में स्थित दान पेटी को शुक्रवार को तहसीलदार आकाश शर्मा के आदेशानुसार तथा नायब तहसीलदार गोपाल चौहान, हल्का पटवारी कन्हैयाला फूलेरिया के निर्देशन में एवं मंदिर समिति की उपस्थिति में विधिवत रूप से खोला गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर दान पेटी की चाबी निकाली गई। इसके बाद समिति के जिम्मेदार सदस्यों की मौजूदगी में पेटी को खोला गया। दान पेटी से प्राप्त धनराशि को पूरी पारदर्शिता के साथ गिना गया। गिनती कार्य में समिति के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। प्राप्त राशि को इसके बाद मंदिर की विकास एवं धार्मिक गतिविधियों में उपयोग हेतु मंदिर समिति के अभिलेख में दर्ज किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि दान पेटी से प्राप्त धनराशि मंदिर के सौंदर्यीकरण, रखरखाव तथा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक संपन्न विकास कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श



**सारंगपुर।** बाल रूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड परिसर में बुधवार को मुक्ति धाम सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया ने की, वहीं हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय मुक्ति धाम में आवश्यक विकास कार्यों की योजना बनाना तथा वर्तमान व्यवस्थाओं में सुधार करना रहा। बैठक में समाजसेवी ओम प्रकाश राठी, अशोक साहू, सुशील व्यास, आशुतोष वेध, सुधीर श्रीमाल, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी और रामनारायण टेटवाल, कुमेर सिंह सोलंकी सहित दोनों समितियों के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने मुक्ति धाम परिसर में साफ-सफाई, हरियाली, मूलभूत सुविधाओं के उन्नयन और आवश्यक मरम्मत कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में सामूहिक सहयोग से मुक्ति धाम को और सुव्यवस्थित तथा श्रद्धालुओं हेतु सुविधाजनक बनाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि मुक्ति धाम नगर का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, इसलिए उसके विकास और संरक्षण में सभी नागरिकों को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## तीरंदाजी में खुशी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया



**कुरावर।** नगर के कृष्ण हाइट्स की छात्रा खुशी पिता रितेश गिरी ने 69 वीं राज्यस्तरीय शालेय फील्ड आर्चरी क्रीड़ा प्रतियोगिता जो कि 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक देवसर सिंगरौली में आयोजित हुई। जिसमें खुशी गिरी ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए कंपाउंड राउंड में सिल्वर मेडल प्राप्त कर कुरावर नगर एवं राजगढ़ जिले का नाम रोशन किया। कोच विक्रम लववंशी एवं उर्मिला तोमर ने बताया पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 8 संभाग से 340 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ी खुशी गिरी की इस उपलब्धि पर कृष्णा हाईट्स पब्लिक स्कूल के संचालक पवन अग्रवाल एवं स्कूल प्राचार्य जितेंद्र सिंह कौरव खेल प्रशिक्षक प्रकाश सिंह तोमर राधेश्याम भिलाला एवं सभी कृष्णा हाईट्स शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी।

प्रज्ञा भवन में गायत्री परिवार करवा रहा आयोजन

# ब्रह्म मुहुर्त में की गई वेद माता गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा नगर में चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ एवं मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस निकाली गई कलश के द्वितीय दिवस शुक्रवार को ब्रह्म मुहुर्त में प्रातः 4 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।



प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व देश के अलग-अलग तीर्थों व नदियों से लाए गए जल से मां गायत्री को स्नान करवाया गया। इसके उपरान्त दशविद के तहत भस्म, मिट्टी, गोबर, गौमूत्र, दूध, दही, घी, हल्दी, कुश, शहद एवं पंचामृत से माता की प्रतिमा को स्नान संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ब्रहम वादिनी बहनों द्वारा मां गायत्री की प्रतिमा में प्राणों का आव्हान किया एवं प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरान्त परिवार के सदस्यों ने शंख, झालर, मंझीरे बजाकर मां गायत्री की महाआरती की।

### देश में सुख-शांति, समृद्धि की कामना

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के उपरान्त 24 कुंडीय महायज्ञ आरंभ हुआ। इस महायज्ञ में नगर के श्रृद्धालुओं ने संपूर्ण भारत में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं सेना के पराक्रम के लिए भी यज्ञ वेदी में आहुतियां समर्पित की गईं।

## बाल विवाह मुक्त राजगढ़ के अंतर्गत महाविद्यालय में शपथ ग्रहण संपन्न



**सुठालिया।** शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय में जिला प्रशासन राजगढ़ तथा कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार बाल विवाह न करने एवं न करने देने संबंधी शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ व्ही एस बैस ने की। बतौर मुख्य वक्ता संतोष पाठक ने कहा बाल विवाह केवल एक परंपरागत समस्या नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। आज ली गई यह शपथ तभी सार्थक होगी जब हम इसे अपने व्यवहार और समाज दोनों में लागू करेंगे। विशिष्ट वक्ता के तौर पर डॉ प्रदीप कुमार ने कहा बाल विवाह समाज की प्रगति में सबसे बड़ा अवरोध है। युवा पीढ़ी को जागरूक करना ही इससे मुक्ति का सर्वोत्तम उपाय है। हमारा महाविद्यालय सदैव सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध रहेगा। तत्पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को डॉ पवन कुमार अहिरवार ने बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई।

# स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा वाले, विशेष अतिथि कन्या शाला प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, सांदीपनी स्कुल प्राचार्य कैलाश शर्मा , संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिवचरण दांगी, प्राचार्य खारपा राधेश्याम पुरविया, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, विशिष्ट अतिथि योगेश भावसार डॉ. बीएल गुर्जर, अजय टेलर, शरद भावसार ने करते हुए सर्वप्रथम मां सरस्वती कि पुजा अर्चना से शुरूआत की जहां पर विधालय की छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विधालय द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ विभिन्न आयोजन से बच्चों को नई दिशा दी जाती है। आप इन मांडल में जो दर्शाया गया है उनसे सीखें। संचालन शिक्षक दिलीप राठौर ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों से बारी बारी से सीधे संवाद किया। इस दौरान विधार्थियों ने कलाकृतियां बनाई उनके प्रयोगों को समझाया जिसमें पानी की बचत कैसे करें, विद्युत का उत्पादन, भारत के विभिन्न प्रांतों में होने वाली प्रमुख खेती फसल एवं उत्पादन पर कक्षा एक से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हृदय का ब्लड सर्कुलेशन, सौरमंडल, उत्सर्जन तंत्र, विश्व का समुद्री मार्ग, ब्रह्मोस्त मिसाइल, टर्बाइन, पवन चक्की, ज्वालामुखी, पर्यावरण, जल शुद्धिकरण, पर्यावरण प्रदूषण इसरो, चंद्रयान-3, ग्रीन हाउस और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसे मॉडल तैयार किए। छात्रों ने जो अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल कर रचनात्मक मॉडल बनाए वह एक नई पहल उनकी वैज्ञानिक समझ को दर्शाया बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल ने हनुमान अष्टमी पर निकाला चल समारोह

**सारंगपुर ।** हनुमान अष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल सारंगपुर के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर ब्लाक कॉलोनी सारंगपुर से भव्य चल समारोहों केसरिया ध्वज के साथ निकाला गया।चल समारोहों सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ अय्यापुर बाला जी धाम पहुंचा बाला जी भक्त मंडल विगत छः वर्षो से लगातार आयोजन कर रहा हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त हाथ में ध्वज लेकर अय्यापुर बाला जी पहुंचते हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, नीलेश वर्मा, लोकेश गोस्वामी, विशाल चतराड, नील कमल व्यास, गोलू हाड़ा, अमित पुष्पद, अर्जुन, संजय, राम कौशल, दीपक, परिहार, सतीश, वीरू धनगर, राज, कुणाल, अरुण धनगर सहित भक्त मौजूद थे।

राज्य स्तर पर सम्मानित की गई अभियान से जुड़ी जिले की टीम

# एचआईवी जांचः 95 फीसदी उपलब्धि पर प्रदेश में मिली दूसरी रैंक

**राजगढ़।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजगढ़ जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जारी एचआईवी पॉजिटिविटी की जांच के लक्ष्यों में राजगढ़ जिले की इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर टीम निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 95 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की है। राजगढ़ जिले को इसके लिए सूबे में दूसरा स्थान मिला है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा गत दिवस राजगढ़ की पूरी टीम को सम्मानित किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ राजीव हरिऔध ने बताया कि 95 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना टीम के अथक प्रयासों और सटीक रणनीति के चलते संभव हो पाया है। हमारे मैदानी हमले ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरुकता एवं जांच शिविरों का समय-समय पर प्रभावी ढंग से आयोजन करवाया जिसके चलते जांच कवरेज में व्यापक सुधार हुआ है। यह आंकड़ा न केवल जाँच की संख्या को दर्शाता है, बल्कि समय पर पहचान और आवश्यक उपचार के लिए भी आवश्यक है।



### विभाग प्रमुख और सीएस ने की सराहना

जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने जिले को मिली इस उपलब्धि पर पूरी टीम और नोडल अधिकारी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह राजगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव का क्षण है। जांच में 95 फीसदी की उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करना हमारी टीम में शामिल साधना बॉथम, ज्योति मीणा और कौशल पिपलोटिया सहित अन्य की निष्ठा एवं मेहनत का परिणाम है।

## खबर संक्षेप

### स्वेदशी संकल्प यात्रा का आज आष्टा में प्रवेश

**आष्टा।** राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के शताब्दीह वर्ष तथा प्रधानमंत्री महोदय नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारव एवं स्वदेशी अपनाओ संकल्प को जन जन तक पहुंचाने हेतु कनफेडरशेन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स(केट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा आज दिन शनिवार को आष्टा में प्रवेश कर रही है। उक्त जानकारी कनफेडरशेन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स(केट) के जिला सचिव लक्ष्मीनारायण मेवाडा, विशेष सहयोगी अर्जुनसिंह अजनोदिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। साथ ही बताया कि उक्त यात्रा आज प्रातः 10 बजे कम्युनिटी हाल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई सुभाष चैक पर पहुंचेगी। उक्त यात्रा में स्वदेशी अपनाओ का संकल्प लिया जाएगा। यात्रा में मुख्य रूप से क्षेत्रिय विधायक गोपालसिंह इंजिनियर, नपा अध्यक्षा हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा विशेष रूप से शामिल रहेगें वही नगर के समस्त व्यापारी एवं आम नागरिकगण भी उपस्थित रहेंगे।

### नपाकर्मियों ने नगर में चलाया अभियान

**आष्टा।** शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने एवं नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति द्वारा नगर में आवारा श्वानों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि आए दिन नगर में श्वानों की उत्दंडता देखने को मिल रही थी, साथ ही नागरिकों द्वारा शिकायते भी की जा रही थी। वहीं छोटे बच्चों व आम नागरिकों को श्वानों के काटने से घायल भी होना पड़ता था। इन सभी को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का पालन कर नगर में आवारा विचरण करने वाले श्वानों की बढ़ती समस्या को नियंत्रित करने के लिए आजसे यह अभियान प्रारंभ किया है।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली संदिग्ध, एफआईआर की टाइमिंग पर खड़े हुए सवाल

# वन विभाग के अधिकारियों पर गुंडागर्दी के लगे आरोप, निलंबित करने की मांग

आदिवासियों के साथ मारपीट मामले में वन अधिकारियों ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट, घंटों बाद हुई एफआईआर पर कांग्रेस नेता ने खड़े किए सवाल।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिद्धीगंज थाना क्षेत्र के पीथापुरा गांव में बीते दिवस वन विभाग के अधिकारियों की रात के अंधेरे में गरीब आदिवासियों के साथ की गई बर्बरता पूर्वक मारपीट से वन विभाग के अधिकारियों की कारगुज़ारिया की पोल खुली है वही इन कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं। आपको बता दें एक आदिवासी परिवार की महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वन विभाग के कर्मचारियों ने 11-12 दिसंबर की देर रात 3.20 बजे उनके घर का फिल्मी स्टाइल में दरवाजा तोडकर प्रवेश किया और घर में सो रहे लोगों के बिस्तर और सामान फेंक दिए और परिवार की महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट की। कांग्रेस और आदिवासी समाज के नेता सुनील कटारा ने पीड़ित आदिवासियों के साथ सिद्धीगंज थाने पहुंच कर गुंडागर्दी करने वाले वन विभाग के अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। ऐसे में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर वन विभाग के कर्मचारी विजय वर्मा, फैजल बनी नाकेदार, छगन भिलाला डिप्टी सहित अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वही इसके कुछ घंटों पर बाद ही वन विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर 4 आदिवासियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट का मामला दर्ज किया गया । ऐसे में अब वन विभाग की कार्यप्रणाली संदिग्ध नजर आ रही है और कांग्रेस पार्टी के आदिवासी समाज के नेता सुनील कटारा ने पूरे मामले पर वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### रात के अंधेरे में की थी मारपीट, नशे में होने के आरोप

पुलिस में दर्ज शिकायतकर्ता रानू बाई पति जीवन सिंह डुडवे ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि 11 दिसंबर की रात लगभग 9.30 बजे उनका परिवार खाना खाकर सो गया था। रात करीब 3.20 बजे उनके घर के दरवाजे पर लात मारने की आवाज आई। उन्होंने उठकर देखा तो चार लोग घर के अंदर घुस आए थे, जबकि कुछ लोग बाहर खड़े थे जो कथित तौर पर वन विभाग के कर्मचारी थे। वही शिकायतकर्ता के अनुसार अंदर घुसे लोग शराब के नशे में थे और उन्होंने घर में सो रहे लोगों के बिस्तर और पलंग उठाकर फेंकना शुरू कर दिया, जब रानू बाई और उनके परिवार ने विरोध किया और उनकी पहचान पूछी तो उन्होंने महिलाओं को गालियां दी। रानू बाई और उनकी देवरानी उषा को कथित तौर पर थप्पड़ भी मारे गए। चिल्ला चोट सुनकर आस पड़ोस के दयाराम डुडवे और अमरसिंह सहित अन्य लोग एकत्रित हो गए, जिन्हें देखकर आरोपी भाग गए। वही सुबह ग्राम पीथापुरा की महिला रानू बाई को गांव की मीरा बाई पति राघासिंह बारेला ने बताया कि रात को वन विभाग के कर्मचारी उनके घर में भी घुसे थे, सामान बिखेर दिया था और उनके साथ भी गाली गलौज की थी। गांव के दयाराम डुडवे ने बाद में पुष्टि की कि उनके और मीरा बाई के घर में घुसने वाले लोग विजय वर्मा, फैजल बनी नाकेदार और छगन भिलाला डिप्टी साहब थे। ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद पीड़ित परिवार ने सिद्दीकगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदिग्ध, घंटों बाद हुई एफआईआर पर सवाल खड़े हुए

सिद्धीगंज थाने के पीथापूरा में देर रात गुंडों के माफिक तीन बजे आदिवासियों के घरों में घुसकर महिलाओं के साथ की मारपीट और अभद्रता पर वन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदिग्ध नजर आ रही है कांग्रेस नेता सुनील कटारा ने वन अधिकारियों पर सवाल खड़े किए हैं कि देर रात को तीन बजे पहुंचे वन अधिकारियों क्या पुलिस को लिखित में सूचना दी थी..? वही आदिवासी महिला की शिकायत के बाद वन अधिकारियों पर हुई कार्रवाई के घंटों बाद ही क्यों एफआईआर दर्ज कराई गई। जबकि यदि वन अधिकारियों के साथ मारपीट की गई थी तो पहले मारपीट करने वाले आदिवासियों पर एफआईआर दर्ज होनी थी। जबकि आदिवासियों की एफआईआई दर्ज होने के घंटों बाद वन अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज कराई है जिससे वन विभाग सीधे सीधे कटघरे में खड़ा है।

### वन अधिकारियों को निलंबित करने की मांग, एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन देंगे

कांग्रेस नेता सुनील कटारा ने इस पूरे मामले को लेकर कहा कि हमारे आदिवासी समाज की महिला और पुरुषों के साथ वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने रात के अंधेरे में मुंह पर कपड़े बांधकर गुंडों की तरह मारपीट और अभद्रता की है इसको लेकर वन अधिकारियों पर सिद्धीगंज थाने में एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई है और अब हम इन वन अधिकारियों को निलंबित करने की मांग करते हैं वही हमारे समाज के लोगों पर भी एफआई आर दर्ज की है जोकि न्याय संगत नहीं है इसको लेकर हम सीहोर एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर वन अधिकारियों पर ठोस कार्यवाही की मांग करेंगे।

#### सूचना मिली थी

हिरण की हत्या के आरोपी की सूचना अचानक मिली थी। जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग का अमला पहुंचा था। लेकिन अचानक हमारे अमले पर हमला कर दिया गया और हमारे साथ मारपीट कर गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है। जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है।

**नवनीत झा,** वन परिक्षेत्र अधिकारी

#### कुछ लोगों पर मामला दर्ज किया है

कुछ लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी

**राजू सिंह बघौल,** थाना प्रभारी सिद्धिगंज

# एनएसयूआई की मांग पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा से पर्दा हटाया

### तीन साल से पर्दे में थी शहीद की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने आष्टा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में 3 साल से लगी शहीद भगत सिंह की प्रतिमा जिस पर परदा लगा था।

एनएसयुआई ने इसके लिए महाविद्यालय प्राचार्य ओर तहसीलदार के नाम ज्ञापन भी सौंपा था कि परदा जल्दी हटाया जाए। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा शुक्रवार सुबह से परदा हटा दिया गया। इस मौके पर एनएसयुआई के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रतिमा 3 साल से परदे में होने के कारण स्तिथि ठीक नहीं थी तो संगठन द्वारा उसकी साफ सफाई कर माला पहनाई गई। संगठन के अंशुल ठाकुर मुगली व दीपक गोस्वामी द्वारा आष्टा अनुविभागीय अधिकारी व महाविद्यालय प्राचार्य का धन्यवाद कर सभी छात्र छात्राओं को जीत की बधाई दी। वही छात्र-छात्राओं द्वारा एनएसयुआई के संघर्ष को लेकर तारीफे की जा रही है।

### संयुक्त संगठन ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर दिया ज्ञापन

**सीहोर।** ओबीसी महासभा संयुक्त संगठन के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी को सामाजिक सुरक्षा,न्याय एवं संवैधानिक संरक्षण दिए जाने और केंद्र सरकार के द्वारा आइएएस संतोष वर्मा के खिलाफ की गई कार्रवाही के विरोध में अपाक्स यूनियन जिलाध्यक्ष कमल कीर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ओबीसी महासभा जिलाध्यक्ष श्याम मीणा ने बताया कि संविधान लागू हुए 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अन्य पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति को समान अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, न्याय तथा सम्मान पूर्वक जीवन जीने के लिए अनेक स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

# इतिहास का कोई भी पन्ना पलट कर देख लीजिए जब-जब हिंदू बंटा है, तब-तब हिंदू कटा है, और घटा भी है: मिट्ठूपुरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मेरा सभी सनातनी भाइयों से कहना है। की सनातन धर्म तुम्हारा घर है। और जातियां सिर्फ अपने-अपने कमरे हैं। और कमरे तभी तक बने रहेंगे, जब तक घर बना रहेगा। इतिहास का कोई भी पन्ना पलट कर देख लीजिए, जब-जब हिंदू बंटा है। तब तब हिंदू कटा है। और घटा भी है। इसलिए जात-पात की करो विदाई। हिंदू हिंदू भाई-भाई। उपरोक्त बहुत ही सर गर्वित प्रवचन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा दशहरा मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भागवत भूषण संत श्री मिट्ठूपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। आगे गुरुदेव द्वारा बताया गया कि धर्म और मातृभूमि के प्रति निष्ठा रखने वाला प्रत्येक सनातनी हमारा भाई है। और यही सोच प्रत्येक भारतीय में होना चाहिए। सनातन धर्म अनादि है ,शाश्वत है। ना इसका कोई आदि है। ना अंत , सनातन धर्म वह दीपक है। जो समय की भयंकर आंधी तूफान में भी नहीं बुझता। इसके अलावा पूज्य महाराज श्री द्वारा बताया कि जब जब इस धरा धाम पर अनाचार, अत्याचार, अधर्म बढ़ता है।तब तब भगवान इस भूमि पर अवतार लेते हैं। और पापियो का नाश करते हैं। मथुरा के राजा कंस का अत्याचार बहुत बढ़ गया। तब गाय, ब्राह्मण, संत ,सती की रक्षा के लिए भगवान श्री कृष्ण ने मनुष्य रूप में देवकी ओर वासुदेव जी के यहां अवतार लिया। भगवान के जन्मोत्सव पर,नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की। के गगन बेदी नारों से सारा पंडाल गूंजायमान हो गया। सभी श्रोताओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया। आज का प्रसाद कैलाश नारायण राठौड़ कोठरी वालों की ओर से वितरित किया गया। इस अवसर पर देवीसिह परमार, कृपाल सिंह पटाडा, महामंडलेश्वर कृष्णानंद, महंत कबीर आश्रम, डॉ मीना सिंगी, गुलाबबाई ठाकुर, गिरिजा कुशवाहा, कैलाश सोनी, राजेंद्र दरबार, नरेंद्र सिंह भाटी, प्रदीप सिंह शोभा खेड़ी, खुमान सिंह पडीयार, सुनील फरेला, चंदरसिंह गवाखेड़ा, अजय मितवाल, लखन परमार,अशोक राठौड़ सिद्दीक़ीगंज, राजेश मेवाड़ा मोना मेवाड़ा, धीरज सिंह पटेल भीमपुरा, विक्रम सिंह पटेल,सुनील रुद्र, राजेंद्र सिंह मुरावर, दीपक मोदी सहित भक्तगण पधारे और कथा सुनकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# श्री बेणेश्वर हनुमान मंदिर समिति ने उत्साह के साथ मनाया हनुमान अष्टमी का महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री बेणेश्वर हनुमान मंदिर समिति, द्वारा आयोजित श्री हनुमान अष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। भगवान हनुमान जी की विशेष कृपा से आयोजित इस दिव्य आयोजन में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों की पावन श्रृंखला संपन्न हुई। रुद्राभिषेक, गदा समर्पण, महाप्रसादी, महा आरती एवं संगीतमय भजन संध्या के दौरान मंदिर परिसर जय श्री हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने गहरी भक्ति, श्रद्धा और आनंद के साथ पूरे दिन श्री हनुमान जी की आराधना की।

कार्यक्रम में मां पार्वती धाम गौशाला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह (पूर्व पार्षद)उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार किरण पूर्व पार्षद शसुभाष नामदेव, कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, रवि कामरिया, सुनील कचनेरिया, विपिन सिंघी आदि का मंदिर समिति द्वारा भगवान श्री राम जी के नाम लिखे वस्त्र के दुपट्टे पहनाकर विशेष स्वागत एवं सम्मान किया। मां पार्वती धाम गौशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने सभी भक्तों को हनुमान अष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के संरक्षण व धार्मिक कार्यों में सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने समाज सेवा और धर्म कार्यों से जुड़े रहने का संकल्प दिलाया। श्री बेणेश्वर हनुमान मंदिर समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में मां पार्वती धाम गौशाला समिति की ओर से सहयोग राशि भी प्रदान की गई। नगर में आयोजित यह पावन महोत्सव भक्ति, सेवा, सद्भाव और धार्मिक उत्साह का अद्भुत संगम बना, जिसमें हजारों भक्तों ने शामिल होकर परम आनंद की अनुभूति की।

### नपा ने लोक अदालत में बकायादारों से जमा कराई 22 लाख से अधिक की बकाया राशि

# जलकर, संपत्ति कर, समेकितकर आदि की बकाया राशि वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय अदालत परिसर में लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें नगरपालिका द्वारा कैंप लगाकर नगर के बकायादारों को पूर्व में नोटिस देकर निकाय की जलकर, संपत्ति कर, समेकितकर आदि की बकाया राशि वसूली गई। कैंप का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति की उपस्थिति में किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा लोक अदालत में निकाय की बकाया जलकर, संपत्तिकर जमा करने आए बकायादारों से आग्रह करते हुए कहा कि निकाय की बकाया राशि समय रहते जमा करावें, क्योंकि आपके द्वारा जमा की जाने वाली करों की राशि से ही नगर का विकास होता है, वहीं मूलभूत आवश्यकओं व सुविधाओं को उपलब्ध भी निकाय आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से ही कराती है। आप सभी प्रत्येक माह अपने नलकर एवं संपत्तिकर की राशि जमा करावें, ताकि आपके ऊपर भी भार न हो और आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से नगरपालिका और अधिक तेजी से नगर का विकास कर सकें।

### नपा ने वसूली बकाया राशि

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोकुमार प्रजापति द्वारा अपने अधिनस्थ अमले को साथ लेकर मुनादी के साथ- साथ नागरिकों से बकाया जमा करने हेतु द्वार-द्वार पहुंचकर आग्रह किया गया। सीएमओ श्री प्रजापति द्वारा वार्डवार 5 सदस्यी टीम गठित की गई जिसमें एक-एक दल प्रभारी व गठित टीम से सुचारू रूप से काम कराने के लिए एक-एक नोडल नियुक्त किया गया। सीएमओ श्री प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत के माध्यम से नगर के बकायादारों से संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर की लगभग 22 लाख 80 हजार 706 रूपये की बकाया राशि वसूली गई है। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने राजस्व अमले की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार निकाय को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहे। वसूली कार्य में नपा की राजस्व टीम सहित अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

### लोक अदालत में वसूली ढाई लाख की राशि



**आष्टा।** नगर परिषद कोठरी द्वारा आयोजित न्यायालयीन लोक अदालत का आयोजन नगर परिषद अध्यक्ष राधे श्याम दलपति की उपस्थिति में आरम्भ हुआ। लोक अदालत के माध्यम से नगर के अनेक नागरिकों ने संपत्ति कर और जलकर से संबंधित बकाया राशि का भुगतान किया। जिसमें उन्हें शासन नियमानुसार शत प्रतिशत अधिभार में (लाभ) प्रदान किया। इस अवसर पर नगर परिषद वार्ड 12 के पार्षद दिनेश चौधरी भी उपस्थित रहे। लोक अदालत की इस पहल से नागरिकों को सरल, त्वरित और लाभकारी समाधान प्राप्त हुआ तथा नगर परिषद के राजस्व वसूली अमले द्वारा नगर के वार्डो में पहुंच कर नागरिकों को अधिक से अधिक बकाया जमा कराने के लिये प्रेरित भी किया जिसमे नागरिकों का सकारात्मक सहयोग मिला। एवं राजस्व हमले द्वारा राशि रुपए 250000 की वसूली की गईनगर परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की लोकहितकारी योजनाएँ निरंतर जारी रखने की बात कही गई।

# सम्राट ढोके उत्कृष्ट कार्य के लिए किए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मित्तल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट भोपाल द्वारा आयोजित प्रोफेसर एन के मित्तल मेमोरियल टीचर्स एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन भोपाल में किया। इसमें शास सांदीपनि उ मा वि के शिक्षक सम्राट ढोके को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, करियर काउंसलिंग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया।

शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियो को निभाने का काम सम्राट ढोके के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। न केवल आष्टा क्षेत्र में बल्कि पूरे सीहोर जिले में करियर काउंसलिंग जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का कुशलता पूर्वक निभा रहे हैं। चाहे चुनाव में मास्टर ट्रेनर हो या फिर विषय वार प्रशिक्षण देने की बात हो, अनेक विधाओं में उनको मास्टर ट्रेनर बनाकर जिम्मेदारी दी जाती है जिनका बहुत कुशलता पूर्वक निर्वहन किया जाता है। विशेष उपलब्धि के तौर पर वे सन 2012 में मध्य प्रदेश का नई दिल्ली में प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं तथा एकमात्र ऐसे शिक्षक है जो 6 बार यूजीसी नेट असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा पास आउट है।